पंजाब केसरी
SUN,30 JUNE 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# यू.जी. परीक्षाओं के इवन समैस्टर के परिणाम घोषित

गोहाना, 29 जून (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सभी यू.जी. परीक्षाओं के इवन समैस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। ये परीक्षाएं 1 मई से 7 जून के मध्य में आयोजित हुई थीं।

महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15580 से अधिक छात्राओं की यू.जी., पी.जी., पीएच.डी., डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, री-अपीयर, इम्प्रूवमैंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं सुचारू रूप से सम्पन्न हुईं।

उन्होंने बताया कि सभी यू.जी. पाठ्यक्रमों के फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्राओं की सुविधा के लिए परिणाम विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं, ताकि छात्राएं पी.जी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए समय पर आवेदन कर सकें। शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे।



*जानकारी देते हुए डॉ. संदीप दहिया।*

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार चौथी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।


परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने परीक्षाओं के सफल आयोजन और त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश, कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. श्वेता सिंह, सभी विभागाध्यक्ष, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों के प्रिंसीपल और परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां ने जारी किया परिणाम

# यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां द्वारा 01.05.2024 से 07.06.2024 तक आयोजित सभी यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15580 से अधिक छात्राओं की यूजी, पीजी, पीएचडी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, रीअपीयर, इम्प्रूवमेंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सभी यूजी पाठ्यक्रमों के फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्राओं की सुविधा के लिए परिणाम विवि वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं, ताकि छात्राएं पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए समय पर आवेदन कर सकें। शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे।




उन्होंने बताया कि बीपीएसएमवी प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार चौथी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया ने परीक्षाओं के सफल आयोजन और त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह, सभी विभागाध्यक्ष, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# बीपीएस महिला विवि ने यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम किए घोषित

गोहाना | बीपीएस महिला विवि प्रशासन ने 1 मई से 7 जून तक हुई यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। महिला विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विवि के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबंधित कॉलेजों की 15 हजार 580 से अधिक छात्राओं ने यूजी, पीजी, पीएचडी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, रि-अपीयर, इम्प्रूवमेंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं दी थी। अब विवि ने उनके फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए हैं। छात्राओं की सुविधा के लिए परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं, ताकि वे पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए समय पर आवेदन कर सकें। इसके अलावा शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने कुलपति प्रो. सुदेश, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. श्वेता सिंह समेत अन्य अधिकारियों का आभार जताया।

# बीपीएस विश्वविद्यालय ने 01 मई से 07 जून 2024 तक आयोजित यूजी परीक्षाओं के इवन समैस्टर के परिणाम किए घोषित

गोहाना, 29 जून (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय द्वारा 01 मई से 07 जून 2024 तक आयोजित सभी यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए। शनिवार को महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15580 से अधिक छात्राओं की यूजी, पीजी, पीएचडी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, रीअपीयर, इम्प्रूवमेंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सभी यूजी पाठ्यक्रमों के फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं और शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार चौथी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होने परीक्षाओं के सफल आयोजन और त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह, सभी विभागाध्यक्ष, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं परीक्षा शाखा के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
30-Jun-2024
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20240630/27/9/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 30-06-2024 - 30 Jun 2024 - Page 4

# यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां द्वारा सभी यूजी परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विवि द्वारा परीक्षाओं के परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हैं।

महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15580 से अधिक छात्राओं की यूजी, पीजी, पीएचडी, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, रि-अपीयर, इम्प्रूवमेंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। विवि द्वारा सभी यूजी पाठ्यक्रमों के फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्राओं की सुविधा के लिए परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीपीएस महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार चौथी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं।

# यू.जी. परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित

गोहाना मुद्रिका, 29 जून : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सभी यू.जी. परीक्षाओं के इवन सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। महिला विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, क्षेत्रीय केंद्रों, घटक और संबद्ध महाविद्यालयों की 15580 से अधिक छात्राओं की यू.जी., पी.जी., पी.एच.डी., डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की नियमित, रीअपीयर, इम्प्रूवमेंट व मर्सी चांस की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सभी यू.जी. पाठ्यक्रमों के फाइनल वर्ष के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। छात्राओं की सुविधा के लिए परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं, ताकि छात्राएं पी.जी. पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए समय पर आवेदन कर सकें। शेष सभी परिणाम अगले सप्ताह घोषित कर दिए जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय प्रदेश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है, जिसने लगातार चौथी बार सबसे कम समय में परीक्षा परिणाम घोषित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षाओं के सफल आयोजन और त्वरित गति से परिणाम घोषित करवाने के लिए महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश, कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो श्वेता सिंह का आभार व्यक्त किया।